मूल्य - 5 रुपये

ज्योतिर्मय जीवन

# तारांशु

हिन्दी मासिक

वर्ष - 1 अंक - 2 पृ.सं. - 16 नवम्बर, 2011

डॉ. कैलाश 'मानव' संस्थापक एवं प्रबन्ध न्यासी, नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के आशीर्वाद से

संपादक :- कल्पना गोयल मुख्य संरक्षक :- श्री एन.पी. भार्गव ( दिल्ली )

## 'तारा नेत्रालय'' का शुभारंभ






'तारा नेत्रालय' उद्घाटन पट्टिका अनावरण के अवसर पर प्रसन्न मुद्रा में श्रीमती कल्पना गोयल, श्रीमती रानी दुलानी, श्री रमेश सचदेवा, श्रीमती क्षमा सचदेवा एवं श्री दीपेश मित्तल



उद्घाटन के तत्काल पश्चात् 'तारा नेत्रालय' की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. (श्रीमती) लीना दवे द्वारा नेत्र रोगियों की जाँच

**निर्धन - निराश्रय बुजुर्गों के लिए निःशुल्क भोजन - वस्त्र आवासीय सुविधा युक्त "वृद्धाश्रम" प्रस्तावित उद्घाटन दिनांक - शुक्रवार, वसंत पंचमी, 03 फरवरी, 2012**

**तारा संस्थान**

236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) 313002

मो. +91 9549399993, +91 9649399993

Email : tarasociety@gmail.com, tara_sansthan@rediffmail.com Website : www.tarasociety.org



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादक कल्पना गोयल के लिए न्यू ट्रेक प्रेस, उदयपुर में मुद्रित

# तारा संस्थान को मेरा आशीर्वाद.....



निर्वाणी पीठाधीश्वर,
आचार्य महामण्डलेश्वर डॉ. कैलाश 'मानव'

मैं अपने शुभाशीर्वाद और हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए प्रभु से प्रार्थना करता हूँ कि 'तारा संस्थान' पीड़ित मानवता की सेवा में कीर्तिमान स्थापित करे।

मैं सभी करुणाशील सेवा-भावी दानदाताओं से निवेदन करता हूँ, वे उदारमन और मुक्तहस्त हो कर 'तारा संस्थान' के सभी सेवा - प्रकल्पों में दान सहयोग करें।

शुभाशीर्वाद और सद्‌भावनाओं के साथ......

निर्वाणी पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर
डॉ. कैलाश 'मानव'
(पद्मश्री अलंकृत)
मैनेजिंग ट्रस्टी एवं संस्थापक, नारायण सेवा संस्थान (ट्रस्ट), उदयपुर

## 'तारा नेत्रालय' के उद्‌घाटन समारोह की झलकियाँ



तारा संस्थान की संस्थापक एवम् अध्यक्ष श्रीमती कल्पना गोयल का अतिथियों के प्रति स्वागत उद्‌बोधन



समारोह सभा में विराजमान अतिथिगण



उद्‌घाटन समारोह में उद्‌बोधन करते हुए
श्रीमती कमला देवी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष एवं ट्रस्टी, नारायण सेवा संस्थान




मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री दीपेश मित्तल 'तारा संस्थान' के सेवा प्रकल्पों की अतिथियों को जानकारी देते हुए।



उद्‌घाटन सत्र में 'तारा संस्थान' के मासिक समाचार पत्र 'तारांशु' (हिन्दी एवम् अंग्रेजी), का विमोचन करवाते हुए सम्पादक श्रीमती कल्पना गोयल (बाएँ प्रथम) व श्री डी.आर. श्रीमाली (दाएँ से प्रथम)



श्री विजय सिंह चौहान, निदेशक (प्रशासन) अतिथि महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए

# संकल्पना साकार हुई



श्रीमती कल्पना गोयल के सौजन्य से प्रथम मोतियाबिन्द ऑपरेशन लाभान्वित श्री जमना बा लौहार ने फीता खोलकर तारा नेत्रालय में प्रवेश की अगुवाई की



उद्घाटन के अवसर पर आयोजित यज्ञ में आहुतियाँ देते अतिथि महानुभाव




उद्घाटन समारोह में मंच पर आसीन विशिष्ट अतिथिगण



समारोह में उपस्थित अतिथि बन्धु

गरीब, असहाय, बुजुर्ग बन्धुओं की निःशुल्क सेवा – सहायता के संकल्प के साथ डॉ. कैलाश 'मानव' मैनेजिंग ट्रस्टी एवं संस्थापक, नारायण सेवा संस्थान (ट्रस्ट) के आशीर्वाद से उनकी सुपुत्री श्रीमती कल्पना गोयल ने 'तारा संस्थान' की स्थापना के समय से ही एक सपना संजोया था कि नेत्र व्याधियों से पीड़ित रोगियों की चिकित्सा एवम् मोतियाबिन्द के ऑपरेशन हेतु एक ऐसे नेत्र चिकित्सालय का शुभारंभ हो, जहाँ भोजन – आवास सुविधा सहित निःशुल्क चिकित्सा सुलभ हो सके। श्रीमती कल्पना जी के इस सपने ने 06 अक्टूबर, 2011 को उस समय मूर्त्त रूप लिया जब एक भव्य समारोह के साथ 'तारा संस्थान' के मुख्यालय भवन 236, सेक्टर – 6, हिरण मगरी (डीडवाणिया निःशक्तजन सेवा सदन) उदयपुर में 'तारा नेत्रालय' का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। 'तारा संस्थान' के मुख्य संरक्षक दिल्ली के उद्योगपति व प्रमुख समाज सेवी श्री एन.पी. भार्गव प्रमुख अतिथि के रूप में 'तारा नेत्रालय' के उद्घाटन हेतु अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण समारोह में नहीं पधार सके, अतः आमन्त्रित अतिथियों व नगर के संभ्रान्त नागरिकों की उपस्थिति में परम विशिष्ट अतिथि दिल्ली के सुप्रसिद्ध समाज सेवी एवं व्यवसायी श्री रमेश सचदेवा एवं श्रीमती क्षमा सचदेवा ने अपने करकमलों से उद्घाटन पट्टिका का अनावरण करके 'तारा नेत्रालय' का विधिवत् शुभारंभ किया। सचदेवा दम्पती ने अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की, कि निराश्रय बन्धुओं की सेवा में 'तारा नेत्रालय' शीघ्र ही अपनी विशिष्ट पहचान बना लेगा। संस्थान परिसर में पहुँचने पर श्रीमती कल्पना गोयल, श्री दीपेश मित्तल, श्री विजय सिंह चौहन सहित संस्थान परिवार ने माल्यार्पण से सचदेवा दम्पती का भावभीना स्वागत किया।

उद्घाटन समारोह के प्रारंभ में 'तारा संस्थान' की संस्थापक एवम् अध्यक्ष श्रीमती कल्पना गोयल ने अपने स्वागत उद्बोधन में पधारे हुए सभी गण्यमान्य अतिथियों का स्वागत किया और 'तारा संस्थान' के सेवा-प्रकल्पों में सहभागिता के लिए सभी करुणाशील महानुभावों को आमन्त्रण दिया। उद्घाटन समारोह में नारायण सेवा



श्रीमती क्षमा सचदेवा एवं श्री श्री रमेश सचदेवा द्वारा ऑपरेशन थियेटर का अवलोकन



श्रीमती रानी दुलानी - श्रीमती कल्पना गोयल भावभरा स्नेह मिलन



श्री प्रहलाद राय सिंघानिया को अभिनन्दन पत्र भेंट करते हुए श्री विजय सिंह चौहान एवं श्री दीपेश मित्तल



अतिथियों द्वारा 'तारा नेत्रालय' का अवलोकन

संस्थान ( ट्रस्ट ), उदयपुर की ट्रस्टी एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती कमलादेवी अग्रवाल ने कहा कि बचपन से ही पीड़ित मानवता की सेवा में पूरे मनोयोग से तत्पर उनकी पुत्री श्रीमती कल्पना गोयल ने 'तारा संस्थान' की स्थापना करके निर्धन-निराश्रय बन्धुओं की नि:शुल्क सेवा के क्षेत्र में गौरवान्वित करने वाली अभिनव पहल की है। 'तारा संस्थान' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री दीपेश मित्तल ने 'तारा संस्थान' की गतिविधियों से अतिथियों को अवगत कराया और नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन सहित निराश्रय वृद्ध बन्धुओं के लिए प्रतिमाह खाद्य सहायतार्थ चलाई जा रही 'तृप्तियोजना', निराश्रय विधवा महिलाओं के स्वावलम्बन हेतु प्रतिमाह नकद - राशि सहायता वाली 'गौरी योजना' व अन्य सेवा-प्रकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर 'तारा संस्थान' के मुख पत्र 'तारांशु' के हिन्दी - अग्रेंजी प्रथम अंक का विमोचन भी किया गया। 'तारा संस्थान' के परामर्शी श्री डी.आर. श्रीमाली ने अतिथियों को बताया कि 'तारांशु' मासिक समाचार - पत्र के रूप में हिन्दी तथा अग्रेंजी - पृथक् संस्करणों में, प्रतिमाह प्रकाशित किया जायेगा व इसमें 'तारा' के विविध सेवा-प्रकल्पों से सम्बन्धित जानकारी समाहित रहेगी। उद्घाटन समारोह में पधारे हुए अतिथियों का पगड़ी, ओपरणा व मान्यार्पण से स्वागत - सम्मान किया गया। सम्पानित होने वाले अतिथियों में खान एवं भूगर्भ विज्ञान विभाग के पूर्व अतिरिक्त निदेशक श्री सुरेश मित्तल, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक श्री भजनलाल बैरवा, मुख्य चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बैरवा, डॉ. महेश दवे, डॉ. पी.पी. जैन, डॉ. लीना दवे, शिक्षाविद् श्री नानालाल नन्दवाना, पत्रकार श्री विष्णुशर्मा हितैषी, तथा समाज सेवी श्री बालक्रृष्ण वाजपैयी ( कानपुर ) श्रीमती रानी दुलानी ( मुम्बई ), श्री चिमन भाई मेहता ( मुम्बई ), श्री प्रहलाद राय सिंघानिया ( हैदराबाद ) सहित कई प्रमुख महानुभाव सम्मिलित थे। समारोह में अतिथियों ने भी अपने उद्गार प्रकट करते हुए 'तारा नेत्रालय' के शुभारंभ को सर्वथा सामयिक और निर्धनों के लिए वरदान स्वरुप बताते हुए सर्वविध सहयोग - सौजन्य का संकल्प व्यक्त किया । संस्थान के निदेशक ( प्रशासन ) श्री विजय सिंह चौहान ने सभी अतिथियों के प्रति उनकी उपस्थिति के लिए कृतज्ञता प्रकट की और धन्यवाद ज्ञापित किया।

# तारा संस्थान के सेवा प्रकल्प

## 1. मोतियाबिन्द ऑपरेशन

तारा संस्थान द्वारा निर्धन वृद्ध बन्धुओं की आँखों में सामान्यतः पाये जाने वाले मोतियाबिन्द के निदान और ऑपरेशन हेतु चयन के लिए शिविर आयोजित किये जाते हैं। दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं की स्थिति अधिक ही पीड़ादायक है, क्योंकि प्रथम तो उन्हें मोतियाबिन्द-ऑपरेशन की सुविधा आसानी से उपलब्ध नहीं है एवं द्वितीय, निर्धनता उनकी चिकित्सा में बड़ा अवरोधक है। तारा संस्थान ने ऐसे निर्धन बन्धुओं की जाँच हेतु शिविर लगाने एवं चयनित मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं के अधुनातन सुविधाओं से सम्पन्न नेत्र चिकित्सालयों में सर्वथा निःशुल्क ऑपरेशन करवाने का कार्य प्रारंभ किया है। निःशुल्क सुविधाओं में मोतियाबिन्द की जाँच, दवाइयाँ, लेंस, ऑपरेशन, चश्में, रोगियों का परिवहन, भोजन तथा देखभाल आदि सम्मिलित है।

### अगस्त, 2011 तक आयोजित शिविर - संक्षिप्त विवरण

| शिविर स्थल | दिनांक | कुल ओपीडी | कुल ऑपरेशन | चश्में वितरित |
|---|---|---|---|---|
| झाड़ोल (राज.) | 27 फरवरी, 2011 | 138 | 22 | 37 |
| चावण्ड (राज.) | 10 अप्रैल, 2011 | 150 | 32 | 53 |
| सोनीपत (हरि.) | 17 अप्रैल, 2011 | 263 | 22 | 14 |
| भीलवाड़ा (राज.) | 22 अप्रैल, 2011 | 48 | 12 | 17 |
| सीकर (राज.) | 29 मई, 2011 | 148 | 38 | 14 |
| निन्दड़ (राज.) | 08 जून, 2011 | 150 | 19 | 13 |
| अजमेर (राज.) | 19 जून, 2011 | 46 | 8 | - |
| सिरसा (हरि.) | 03 जुलाई, 2011 | 150 | 21 | 24 |
| धुनैला (हरि.) | 10 जुलाई, 2011 | 139 | 13 | 27 |
| गोगुन्दा (राज.) | 07 अगस्त, 2011 | 110 | 14 | 15 |

### शिविर विवरण

'तारा संस्थान' द्वारा माह सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर 2011 में आयोजित किये गये मोतियाबिन्द जाँच शिविरों व चयनित रोगियों के सम्पन्न करवाए गए ऑपरेशन्स का विवरण

### शिविर दृश्य

**कोटा शिविर** - दिनांक : 04 सितम्बर, 2011 (रविवार) स्थान : गोविन्दधाम किशोरपुरा, कोटा (राज.)
सौजन्यकर्त्ता : श्री भीमसेन साहनी गोविन्दधाम ट्रस्ट किशोरपुरा,
मुख्य अतिथि - श्री ओम बिड़ला, विधायक विशिष्ट अतिथि - डॉ. रत्ना जैन (महापौर)
कुल ओ.पी.डी. - 155, ऑपरेशन के लिए चयनित - 32 जाँचकर्त्ता चिकित्सक - डॉ. सुरेश कुमार पाण्डेय
ऑपरेशन - सुवि नेत्रचिकित्सा एवम् अनुसंधान केन्द्र, तलवण्डी, कोटा, शिविर प्रभारी - श्री प्रेमसिंह भाटी



शिविर समारोह में मंचासीन अतिथि



जाँच के लिए प्रतीक्षारत रोगी बन्धु

**फतेहाबाद शिविर** – दिनांक : 04 सितम्बर, 2011 ( रविवार ) स्थान : अग्रवाल धर्मशाला, फतेहाबाद ( हरियाणा )
सौजन्यकर्त्ता : पंजाब मित्र मण्डल, फतेहाबद
मुख्य अतिथि चौ. प्रहलाद सिंह गिल्लखेड़ा, संसदीय सचिव
कुल ओ.पी.डी. – 482, ऑपरेशन के लिए चयनित – 132   जाँचकर्त्ता चिकित्सक – डॉ. अमित अरोड़ा
ऑपरेशन – अरोड़ा नेत्र चिकित्सालय   शिविर प्रभारी – श्री राजेन्द्र गर्ग



चिकित्सक द्वारा आँखों की जाँच



ऑपरेशन करते चिकित्सक

**मंगलवाड़ शिविर** – दिनांक : 18 सितम्बर, 2011 ( रविवार ) स्थान : राजीव गाँधी सेवा केन्द्र, मंगलवाड़ ( राज. )
सौजन्यकर्त्ता : कुसुम जी लेलेड, भण्डारा ( महाराष्ट्र ) पूज्य पिता स्व. श्री मारुति जी की पुण्य स्मृति में
कुल ओ.पी.डी. – 59, ऑपरेशन के लिए चयनित – 12   जाँचकर्त्ता चिकित्सक – डॉ. पी.पी. जैन, उदयपुर
ऑपरेशन – तारा नेत्रालय, उदयपुर, शिविर प्रभारी – श्री राजेन्द्र गर्ग



पंजीयन हेतु प्रतीक्षा में रोगी बन्धु




चिकित्सक द्वारा रोगी के आँखों की जाँच

**मथानिया शिविर** – दिनांक : 25 सितम्बर, 2011 ( रविवार ) स्थान : सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मथानिया, जोधपुर ( राज. )
सौजन्यकर्त्ता : श्री नेमीचन्द्र लुनिया चैरिटेबल ट्रस्ट, अमरावती ( महाराष्ट्र )
कुल ओ.पी.डी. – 107, ऑपरेशन के लिए चयनित – 12   जाँचकर्त्ता चिकित्सक – डॉ. एन.सी. देसाई
ऑपरेशन – तारा नेत्रालय, उदयपुर, शिविर प्रभारी – श्री राजेन्द्र गर्ग



चिकित्सक द्वारा मोतियाबिन्द जाँच



पंजीकरण करवाते रोगी बन्धु

**कालाडेरा शिविर –** दिनांक : 08 अक्टूबर, 2011 ( शनिवार ) स्थान : सोनी कॉम्पलेक्स, कालाडेरा, जयपुर ( राज. )
सौजन्यकर्त्ता : श्री शिवभगवान, सौ. गोदावरी बाई भाला, अकोला ( महाराष्ट्र ) ( कनिका एग्रो इण्डस्ट्रीज )
कुल ओ.पी.डी. – 127, ऑपरेशन के लिए चयनित – 09 जाँचकर्त्ता चिकित्सक – डॉ. अजय कपूर
ऑपरेशन – कपूर आई हॉस्पीटल, शिविर प्रभारी – श्री भँवरलाल देवन्दा



जाँच की प्रतीक्षा में रोगी बन्धु



रोगियों का पंजीकरण

**मण्डावा शिविर –** दिनांक : 16 अक्टूबर, 2011 ( रविवार ) स्थान : नगर पालिका, मण्डावा, झुन्झुनु ( राज. )
सौजन्यकर्त्ता : माताजी श्रीमती तारा वर्मा, मुम्बई ( स्व. श्री मितेश वर्मा की पावन स्मृति में )
कुल ओ.पी.डी. – 140, ऑपरेशन के लिए चयनित – 25 जाँचकर्त्ता चिकित्सक – डॉ. अभिजय सिंह जानू
ऑपरेशन – जानू आई हॉस्पीटल, झुन्झुनु, शिविर प्रभारी – श्री राजेन्द्र गर्ग



पंजीकरण प्रक्रिया



चिकित्सक द्वारा जाँच

**बुलन्दशहर शिविर –** दिनांक : 04 नवम्बर, 2011 ( शुक्रवार ) स्थान : औरंगाबाद अहीर,बुलन्दशहर ( उ. प्र. )
सौजन्यकर्त्ता : श्री बलवान सिंह जी, औरंगाबाद अहीर
कुल ओ.पी.डी. – 331, ऑपरेशन के लिए चयनित – 74 जाँचकर्त्ता चिकित्सक – डॉ. प्रवीण त्रिवाड़ी
ऑपरेशन – लायंस आई हॉस्पीटल, कविनगर, गाजियाबाद ( उ. प्र. ), शिविर प्रभारी – श्री राजेन्द्र गर्ग



ऑपरेशन के लिए पंजीकरण



ऑपरेशन के बाद रोगी बन्धु

# इन्हें भी मिली 'तारा' से नेत्र ज्योति
## (निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन के पश्चात् रोगी बन्धु)


श्री जमनालाल जी
सवीना, उदयपुर ( राज. )


श्रीमती गंगा बाई
मंगलवाड़, उदयपुर ( राज. )


श्रीमती मनफूली
काला डेरा ( जयपुर )


श्रीमती बदामी बाई
काला डेरा ( जयपुर )


श्रीमती छगन कंवर
मण्डावा ( झुन्झुनू )


श्री मूरारी लाल
मण्डावा ( झुन्झुनू )


श्री हरिराम
मथानिया, जोधपुर ( राज. )


श्री केवल राम
मथानिया, जोधपुर ( राज. )


श्री तारा सिंह
फतेहाबाद ( हरियाणा )


श्रीमती फुली देवी
फतेहाबाद ( हरियाणा )


श्री जगदीश
सिरसा ( हरियाणा )


श्री मोहन लाल
सिरसा ( हरियाणा )


श्री जेठाराम
कालाडेरा ( जयपुर )


श्री कालू राम
कालाडेरा ( जयपुर )


श्रीमती संतोष
वैशाली नगर, अजमेर


श्री गोविन्दा राम
वैशाली नगर, अजमेर

**'तारा' द्वारा अब तक 639 से अधिक मोतियाबिन्द ऑपरेशन सम्पन्न करवाए गये हैं**

## 2. तृप्ति योजना - असहाय बुजुर्गों को खाद्य सामग्री सहायता

चेहरों पर स्पष्ट दिखती झुर्रियाँ और आँखों की गहराइयों में झलकती असहाय अवस्था उनके जीवन संघर्षों की व्यथा का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने भी किसी की देख-भाल की होगी, किसी को सहारा दिया होगा, लेकिन .................। आज उनकी देख-भाल करते वाला कोई नहीं, यहाँ तक कि उन्हें दो-समय भरपेट भोजन भी नसीब नहीं। तारा संस्थान ने इन असहाय निर्धन, एकाकी बुजुर्ग बन्धुओं की यथा-शक्य सहायता का उपक्रम प्रारंभ किया है, जिससे इन निराश्रय बुजुर्ग बन्धुओं के लिए दो-समय भरपेट भोजन और मौसम की मार से बचने के लिए बिस्तर-कपड़े आदि की व्यवस्था सुलभ और सुनिश्चित की जा सके। इस उपक्रम के अन्तर्गत एक बुजुर्ग की सहायता पर 18000रु. ( अठारह हजार रुपया ) वार्षिक व्यय हो रहा है।

खाद्य राहत सामग्री के अतिरिक्त जरूरतमन्द बुजुर्गों को कपड़े - कम्बल आदि भी वितरित किये जाते हैं, व उनके टूटे-फूटे झोपड़ों की मरम्मत और रख-रखाव के लिए भी सहायता दी जा रही है।

**जरूरतमन्द बुजुर्गों को प्रतिमाह खाद्य - सहायता सामग्री**

आटा - 10 कि.ग्रा., चावल - 1 कि.ग्रा., दालें - 1 कि.ग्रा., खाद्य तेल - 1 कि.ग्रा., शक्कर - 1 कि.ग्रा., चाय पत्ती - 250 ग्रा., मसाले - 500 ग्रा., नमक-मिर्च - 1 कि.ग्रा. व नकद राशि - 300 रु. ( शाक - सब्जी के लिए )

**खाद्य - सहायता व्यय - 1500 रु. प्रतिव्यक्ति, प्रतिमाह**


**शास्त्रों में कहा गया है - 'अन्नदानं महादानम्'**
**अर्थात्, भूखे को भोजन सहायता देना सबसे बड़ा दान है।**

**खाद्य सामग्री दान-सौजन्य राशि - प्रतिमाह, प्रति बुजुर्ग बन्धु 1500 रु.**
**4500 रु. ( 3 माह ), 9000 रु. ( 6 माह ), 18000 रु. ( एक वर्ष )**

## खाद्य - सामग्री सहायता से लाभान्वित बुजुर्ग बन्धु


धापु बाई, आयु 62
वरणी


मोहनी बाई, आयु 63
बिलोदा


मगरी, आयु 60
खेरवाड़ा, उदयपुर


हमीरा मीणा, आयु 80
खेरवाड़ा, उदयपुर


प्रेमानाथ, आयु 85
बारापाल


होमली मीणा, आयु 70
बारापाल


रत्ना बा, आयु 85
सलूम्बर, उदयपुर


कनाराम भाटा, आयु 79
मावली, उदयपुर

# 3. गौरी योजना - निराश्रय विधवाओं को नकद सहायता



( निराश्रय विधवा महिलाओं को प्रतिमाह नकद आर्थिक सहायता )

भारतीय परिवार जिस एक धुरी पर केन्द्रित है, वह है घर की महिला, चाहे वह माँ हो या पत्नी। लेकिन, कभी कभी ऐसा संकट आता है कि यह धुरी डगमगा जाती है। पति की असमय मृत्यु, ससुराल द्वारा घर से निकाले जाने के बाद मायके द्वारा नहीं अपनाना, वृद्धावस्था, बीमारियों से ग्रसित होने पर बच्चों द्वारा तिरस्कार...

ये कुछ ऐसी परिस्थितियाँ हैं, जो एक स्त्री को असहाय अबला बना देती है।

ऐसी ही कुछ असहाय महिलाओं को सम्बल प्रदान करने के लिए एक छोटी सी सहायता देना चाहते हैं, आपकी मदद से, सद्‌भावना से.....

गौरी योजना दान-सहयोग राशि, प्रति महिला प्रति माह - 1000 रु.
3000 रु. ( 3 माह ), 6000 रु. ( 6 माह ), 12000 रु. ( एक वर्ष )

## गौरी योजनान्तर्गत लाभान्वित महिलाएँ

| नाम | आयु | स्थान | नाम | आयु | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रीमती इन्द्रा पाहुजा | 42 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती कंकु बाई | 37 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) |
| श्रीमती लक्ष्मी देवी | 60 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती शारदा | 75 वर्ष | ठाणे ( मुम्बई ) |
| श्रीमती कंकु बाई | 40 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती बंशी बाई | 36 वर्ष | सिरसा ( हरियाणा ) |
| श्रीमती समता राठौड | 36 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती शारदा मेघवाल | 40 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) |
| श्रीमती निर्मला | 23 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती थावरी मीणा | 63 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) |
| श्रीमती गिरजा गुर्जर | 45 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती रमीला | 40 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) |
| श्रीमती हर्षा देवी | 28 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती कृष्णा | 40 वर्ष | सिरसा ( हरियाणा ) |
| श्रीमती संध्या हरकावत | 44 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती सवीता देवी | 34 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) |
| श्रीमती शर्मीला पंचाल | 23 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती भिकनी देवी | 40 वर्ष | कोडरमा ( झार. ) |
| श्रीमती प्रेमबाई महात्मा | 41 वर्ष | राजसमन्द ( राज. ) | श्रीमती राधा बाई | 51 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) |
| श्रीमती दुर्गा आचार्य | 40 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती नाथीबाई जोगी | 37 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) |
| श्रीमती प्रर्मिला भेरविया | 43 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती बसन्त बाई | 36 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) |
| श्रीमती बबली गुर्जर | 36 वर्ष | गौतमबुद्ध नगर ( यूपी ) | श्रीमती थावरी मीणा | 63 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) |
| श्रीमती कामिणी शर्मा | 29 वर्ष | गाजियाबाद ( यू.पी. ) | श्रीमती लाली बाई माली | 83 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) |
| श्रीमती पुष्पा सिंह | 31 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती सुशीला श्रीमाली | 26 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) |
| श्रीमती संतोषी बाई | 36 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती सुमित्रा जैन | 41 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) |
| श्रीमती प्रेम बाई | 37 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती सुमित्रा आचार्य | 36 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) |
| श्रीमती साधना सहलोत | 44 वर्ष | उदयपुर ( राज. ) | श्रीमती गीता देवी | 45 वर्ष | अजमेर ( राज. ) |

# तारा संस्थान के मानवीय सेवा प्रकल्प

## 1. मोतियाबिन्द चिकित्सा

### निःशुल्क मोतियाबिन्द जाँच एवम् ऑपरेशन

'तारा नेत्रालय, उदयपुर' में आने वाले रोगियों की निःशुल्क जाँच के पश्चात् मोतियाबिन्द ऑपरेशन भी निःशुल्क किये जाते हैं। प्रत्येक रोगी और उसके एक परिजन के लिए भोजन - आवास व्यवस्था भी निःशुल्क है।

**दान-सहयोग सौजन्य शशि, प्रति ऑपरेशन - 3,000 रु.**

---

### नेत्र परीक्षण, मोतियाबिन्द जाँच, ऑपरेशन हेतु चयन शिविर

दान-दाता द्वारा प्रायोजित स्थान पर शिविर आयोजन, शिविर के लिए प्रचार-प्रसार कार्य, शिविर में उपस्थित रोगियों के निःशुल्क नेत्र परीक्षण, मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चयन, शिविर में रोगियों को मध्याह्न भोजन। दान-दाता के नाम का शिविर विवरण सहित 'तारांशु' में उल्लेख, विवरण, फोटो दानदाता को प्रेषित किये जाएँगे।

**शिविर आयोजन दान-सौजन्य शशि - प्रतिशिविर - 71,000 रु.**

---

संस्थान द्वारा दूरस्थ, ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित मोतियाबिन्द जाँच शिविरों में चश्मा जाँच, चश्मा वितरण, दवाइयाँ आदि हेतु सौजन्य के लिए दान-दाता का नामोल्लेख 'तारांशु' में किया जायेगा।

**शिविर सहायता -सामग्री सौजन्य राशि प्रति शिविर - 21,000 रु.**

---

### आजीवन विशिष्ट संरक्षक

दानवीर भामाशाह 1,51,000/- रु. दान-सहयोग देकर तारा संस्थान के आजीवन संरक्षक बने रहेंगे।

आपके इस दान सहयोग की राशि से :-

- एक नेत्र - परीक्षण, मोतियाबिन्द जाँच शिविर का आयोजन व्यय : 71000/- रु.
- शिविर में चयनित 10 रोगियों के मोतियाबिन्द ऑपरेशन व्यय : 30000/- रु.

अथवा

- 6 मोतियाबिन्द ऑपरेशन ( 18000/- रु. ) व एक निर्धन विधवा महिला को प्रतिमाह 1000/- रु. एक वर्ष तक आर्थिक सहयोग ( 12000/- रु. )
- शेष 50000 रु. संचित निधि में, जिस पर प्राप्त वार्षिक ब्याज ( 6000/-रु. ) से प्रतिवर्ष आप द्वारा चाही गई तारीख को 2 रोगियों के मोतियाबिन्द ऑपरेशन।

शिविर में दान-सहयोग सौजन्य के उल्लेख सहित आपके नाम का बैनर, शिविर गति- विधियाँ, ऑपरेशन से लाभान्वित रोगी बन्धुओं तथा विधवा सहायता राशि से लाभान्वित महिलाओं के फोटोग्राफ्स, नाम पते आदि विवरण ''तारांशु'' में प्रकाशित किये जाएंगे, आपको प्रेषित किये जाएंगे।

**दान सौजन्य - सहयोग राशि - 1,51,000/- रु.**

| | | |
|---|---|---|
| आजीवन संरक्षक - सौजन्य राशि | - | 21000 रु. ( संचित निधि में ) |
| आजीवन सदस्य - सौजन्य राशि | - | 11000 रु. ( संचित निधि में ) |

( संचित निधि पर प्राप्त ब्याज से मोतियाबिन्द ऑपरेशन करवाए जाएँगे। )

## 'तारा' केन्द्र प्रभारी

श्रीमान् एस.एन. शर्मा
मुम्बई ( महा. )
मो. : 9869686830

श्रीमान् विष्णु शरण जी सक्सेना
भोपाल ( म.प्र. )
मो. : 9425050136

श्रीमान् प्रेम कुमार जी माटा
बांसवाड़ा ( राज. )
मो. : 9414101236

श्रीमान् इन्द्रजीत जी टांक
मेडता सिटी, नागौर
मो. : 9928384025

श्रीमान् नवल किशोर जी गुप्ता
फरीदाबाद ( हरियाणा )
मो. : 9873722657

श्रीमान् प्रहलाद राय जी सिंघानिया
हैदराबाद ( आ.प्र. )
मो. : 9849019051

श्रीमान् अनिरुद्ध जी धुपकर
उज्जैन ( म.प्र. )
मो. : 9993071937

प्रभा जी झंवर
अमरावती
मो. : 9823066500

श्रीमान् सुरेश जी चौधरी
श्यामगढ़ ( म.प्र. )
मो. : 9926506323

श्रीमान् पवन सुरेका जी
मधुबनी ( बिहार )
मो. : 9430085130

## 'तारा' सम्पर्क कार्यालय

ए-44, संजय ग्राम,
राजीव नगर, गुड़गाँव
श्री कमलेश जोशी,
मो. 8285240611

2/ए, महेन्द्र अपार्टमेन्ट,
राजेन्द्र नगर, बोरीवली ( ई. ) मुम्बई,
श्री बंशीलाल
मो. 9699257035, 9666680094

आर.जेड., 2 फ्लोर, प्रेम नगर,
उत्तम नगर पश्चिम, दिल्ली - 59
श्री अमित शर्मा,
मो. 9999071302

### 2. तृप्ति योजना

निर्धन निराश्रय बुजुर्गों को प्रतिमाह खाद्य सामग्री सहायता

**सहयोग सौजन्य राशि प्रति बुजुर्ग प्रतिमाह - 1500 रु.**
**4500 रु. ( 3 माह ), 9000 रु. ( 6 माह ), 18000 रु. ( एक वर्ष )**

### 3. गौरी योजना

निराश्रय विधवा महिलाओं को नकद सहायता राशि

**सहयोग सौजन्य राशि प्रतिविधवा महिला, प्रति माह - 1000 रु.**
**3000 रु. ( 3 माह ), 6000 रु. ( 6 माह ), 12000 रु. ( एक वर्ष )**

## निवेदन

कृपया उदारता से दान-सहयोग देकर 'तारा संस्थान' के मानवीय सेवा प्रकल्पों में सहभागिता करें।

## सुभाषित

दुष्ट व्यक्ति ( खल ) और सज्जन व्यक्ति ( साधु ) के पास विद्यमान विद्या, धन और शक्ति का उपयोग सर्वथा विपरीत परिणाम वाला होता है, ऐसा शास्त्रों में उल्लेख मिलता है -

विद्या विवादाय धनं मदाय, शक्तिः परेषां परिपीडनाय ।
खलस्य साधोः विपरीतमेतत्, ज्ञानाय दानाय च रक्षणाय ॥

अर्थात् खल, दुर्जन अपनी विद्या का उपयोग विवाद और कुतर्क में, धन का उपयोग मद, अभिमान - पाखण्डपूर्ण प्रदर्शन में और शक्ति का उपयोग दूसरों को पीड़ित, आतंकित करने में करता है। इसके विपरीत साधु, सज्जन अपनी विद्या का उपयोग ज्ञान - समाधान करने में, धन का उपयोग निर्धन असहाय लोगो की सेवा के लिए दान करने में और शक्ति का उपयोग निर्बल लोगों की रक्षा करने में करता है।

सेवा प्रकल्पों के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से तारा संस्थान ने केन्द्र एवम् सम्पर्क कार्यालय स्थापित किये हैं। सेवा - प्रकल्प और दान-सहयोग सम्बन्धी जानकारी के लिए आप अपने निकटवर्ती क्षेत्र में स्थित सम्पर्क कार्यालय या केन्द्र से सम्पर्क कर सकते हैं।

## 'तृप्ति योजना' में 6 माह या इससे अधिक अवधि के लिए दान-सहयोगकर्त्ताओं के शुभ नाम।

**अहमदाबाद :** श्री अमृत भाई एवम् श्री प्रहलाद भाई पटेल, लक्ष्मी इन्टरप्राइसेस, **अजमेर :** श्री जमना दास, **बिलासपुर :** श्री एल.पी. गुप्ता, **दिल्ली :** श्रीमती सीमा अग्रवाल, श्रीमती बृजलता गुप्ता, श्रीमती बिमला देवी सिंघल, श्री इन्द्रपल चद्दा, श्री एम.के. धनुका, श्रीमती सुमन मल्होत्रा, श्री सुनील चन्द्र कालिया, श्रीमती शशि एवम् श्री सुभाष चोपड़ा, **फरीदाबाद :** श्री नवल किशोर गुप्ता, श्री राजेश कुमार **गाजियाबाद :** श्री अश्विनी कुमार गुप्ता, श्री राहुल सिंघल, श्री विकास बंसल, श्रीमती प्रभा देवी, श्री डी.पी. गुप्ता, डॉ. पी.के. अग्रवाल, **गुजरात :** स्व. श्रीमती अंजना बेन, **जम्मू कश्मीर:** श्री हरदेव सिंह, **कानपुर :** श्री मुकुल मिश्रा, **मुम्बई :** श्री जितेन्द्र बृजलाल पण्डिया, सुरजबाई पन्नालाल मेहता मेमोरियल ट्रस्ट, जैन ऑरनेमेन्ट्स, स्व. मूल चन्द दलाल, श्री विनोद दुआ, मनी मेटर्स फाइनेंसियल सर्विस, श्री रमेश कौशिक, **नासिक :** श्री एन.जी. गुलाथी, श्री मोहन लाल ( बोम्बे ट्रेडर्स ), **नोएडा :** एक्सप्रोमोट ( इण्डिया ) प्राइवेट लिमिटेड, **रायपुर :** श्री एस.एन. राणावत, **रोहतक :** एम.एस. फर्मा प्राइवेट लिमिटेड, **सूरत :** श्री घनश्याम एम. दास भगत, **उदयपुर :** श्रीमती कमला देवी अग्रवाल।

## तारा संस्थान - आजीवन संरक्षक, शुभ नाम

**आकोला :** श्री कृष्णा खण्डेलवाल, **भोपाल :** श्रीमती संध्या चौधरी, **चैन्नई :** श्रीमती सुमित्रा, **दिल्ली :** श्री कश्मीरी लाल गोयल, श्री प्रेम निजावन, श्रीमती शशि चोपड़ा, श्रीमती उर्मिला धानुका, श्री मनीष गुप्ता, श्री एम.एम. शर्मा, श्री अभय राज जैन, श्रीमती क्षमा सचदेवा, श्री रमेश सचदेवा, श्री अनूप कुमार सोनी, **फरीदाबाद :** श्रीमती रिता तनेजा, **गुड़गाँव :** श्री बलवान सिंह, श्री विजय कुमार गर्ग, **जलगाँव :** श्री जितेन्द्र पटेल, **जंजगिर चापा :** श्री ए. मनोहर लाल प्राइवेट लिमिटेड, **जम्मू कश्मीर :** श्री विवके पुत्र श्री सतीश गुप्ता, **कैथल :** श्री तश्मेश गर्ग, **लखनऊ :** श्री ओमप्रकाश अवस्थी, **मुम्बई :** मैसर्स मनी मेटर्स फाइनेन्सियल सविसेस लि., श्री दिनेश केवलचन्द्र मेहता, श्री जितेन्द्र बृजलाल पण्ड्या, **नागपुर :** श्रीमती कुसुम, **नासिक :** अग्रवाल सखी मंच, **पंचकुला :** डॉ. राज गुप्ता, **पटियाला :** घनश्याम दास, **पुणे:** श्री हरिबाई नारायण दास वनजानी, **रुड़की :** श्री सुशील अग्रवाल।

## तारा संस्थान - आजीवन सदस्य, शुभ नाम

**अहमदाबाद :** स्व. शांता बेन बिटभाई दासपते, श्री चेतराम सुखराम चेरीटेबल, श्री निरंजन ब्रह्ममह, **आमलनेर :** श्री स्वरुप चन्द उत्तमचन्द कोठारी, **अम्बाला केन्ट :** श्री ईश्वर प्रसाद गुप्ता, **अमृतसर :** श्री सुरेन्द्र जैन, **औरंगाबाद :** श्री नवीन एस. बगतिया, **बैंगलोर :** श्री विनीत अग्रवाल, **बड़ौदा :** श्री ए.पी. वैष्णव, **भण्डारा :** श्री रघु नन्दना, **भोपाल :** श्री प्रत्यूष चन्द्र, **बीकानेर :** श्री पूर्णाराम पुत्र स्व. श्री रुखा राम आर्य, श्री गोविन्द ग्रोवर, **चैन्नई :** श्री जान करवरकर एवं श्री ज्ञानचन्द, **दिल्ली :** श्री जबरपाल सैनी, श्रीमती नमिता शर्मा, श्री हृदया आरोड़ा, श्रीमती कौशल्या वर्मा, श्रीमती रमादेवी ठाकुर, श्री कैलाश देव, श्रीमती माया, श्री मुकेश जैन, श्री सुदर्शन भण्डवाय, श्री अर्जुन देव गुप्ता, श्री के.एस. सोहरु, श्री सुबोध गंगवानी, श्री समता नाराण्यण ट्रस्ट, मैसर्स हरियाणा सेल्स, श्री आशीष गुप्ता, श्री दिव्यांशु शर्मा, श्री इन्द्रसेन, श्री सुदर्शन लाल गुम्बेर, श्री विनीत गर्ग पुत्र श्री कैलाश चन्द्र अग्रवाल, श्रीमती उषा मल्होत्रा, श्री अरुण गुप्ता, श्री सम्पत लाल प्रजापत, श्री के.सी. गुप्ता, श्री प्रफुल्ल कुमार बनर्जी, श्री खैरा परिवार, श्री नरेन्द्र कुमार मुंगा, श्रीमती बिमला, श्री मूल चन्द अग्रवाल, श्री मुकेश पुत्र श्री सतीश जैन, श्री विकाश खेरा, सदभावना महिला मण्डल, श्रीमती सुनीता गोयल, श्री रवि गोयल, श्री राम अवतार अग्रवाल, श्री मुकेश जैन, श्रीमती संगीता वर्मा, श्री सुशील कुमार, श्री प्रेम निजावन, **देवगढ़ (झारखण्ड) :** बाला टेक्सटाइल, **धारजलिंग :** श्री किशोर नेर कानटिलीस प्राइवेट लिमिटेड, **धुलिया :** श्रीमती सावित्रि देवी अग्रवाल, श्रीमती गंगा देवी एवं श्री जगदीश प्रसाद गिनदोडिया, स्व. श्रीमती प्रमिला देवी पत्नि एवं श्री सुभाष चन्द्र अग्रवाल, **फरीदाबाद :** श्री डी.पी. अग्रवाल, **फतेहाबाद :** श्रीमती परमेश्वरी देवी, श्रीमती देवी दयाल टायल, **गाजियाबाद :** श्री आनन्द गुप्ता, श्री अशोक, श्री जय गोपाल सिंघवी, श्री तारा चन्द गुप्ता, गोड़ीयाल : श्रीमती प्रभादेवी पति श्री एच.पी., गुड़गाँव : श्री संदीप सिंघला, मास्टर वत्सल जैन, श्री शैलेन्द्र चतुर्वेदी, श्री ओमप्रकाश गुप्ता, हापुर ( यू.पी. ) श्री अनिल कुमार कंसल पुत्र रामेश्वर दायल कंसल, **हावड़ा :** श्री ललित कंगटा, **हैदराबाद :** श्री ओमप्रकाश जाजु, श्री ओमकार लाल पुत्र पुखराज, नवदुर्गा एपरेल एक्सपोर्ट, **जयपुर :** श्री उलास चन्द लोहिया, श्रीमती विजय लक्ष्मी, श्री मोहन लाल मीणा, श्री विरेन्द्र सोलंकी, मैसर्स कान्हा एग्रो इण्डस्ट्रीज, श्री मनोहर लाल, श्री दीपक कुमार, श्री ओमप्रकाश, श्री अमित कुमार, **जलगाँव :** श्री संजय रामगोपाल, श्री देवेन्द्र कुमार, भगवान दास अग्रवाल, **जालना :** श्रीमती सीता बाई अग्रवाल, **जम्मू कश्मीर :** श्री पी.सी. वर्मा, श्री सुभाष एवं श्रीमती शकुंन्तला लिम्बा, **जिन्द :** श्री यशपाल मित्तल, **जोधपुर :** श्री हुकमी चन्द, श्री महावीर जैन, मैसर्स सरिता एजेन्सीज, श्री सुरेश कुम्भर ( एडवोकेट ), श्री हेमसिंह गहलोत, श्रीमती सुशीला पुखराज जाजू, श्रीमती लाली लोहिया, श्रीमती कीर्ति राजिमवाल, श्री गौतम चन्द्र जैन एवम् श्रीमती पुष्पा जैन, श्री नानग राम चौधरी, श्री भंवर लाल, श्री दर्पण संचेती, श्री ऋषिराज सोलंकी, श्री गिरधारी लाल जांगिड़, श्री किशन लाल गहलोत, **कानपुर :** श्री राम लखन गुप्ता, श्रीमती वर्षा खानवलकर, श्रीमती उमा कांती निगम, श्री मुकुल मिश्रा पुत्र यू.एन. मिश्रा, श्री मनोज मिश्रा, श्री राकेश वर्मा, **कोलकाता :** श्री अभय चौधरी, श्री महेश कुमा अग्रवाल, मैसर्स स्नेह कॉम्प्रिन्ट प्राइवेट लिमिटेड, श्री ओंकाजमल रस्तोगि, श्री भूषण लाल मेहता, श्री दिलीप कुमार रंगत, श्री चन्द्र प्रकाश झुन्झुनवाला, श्री सुरेश कुमार स्वरुप चन्द, श्री सुनिता बगारिया, मैसर्स कोलसेल कम्पनी, श्री भगवान लक्ष्मी नारायण, श्री हनुमान, श्री किशनलाल बैरीवाल, श्री सचिन्द्र कुमार, श्री रामेश्वर लाल अग्रवाल, श्री पोद्धार जैन सेवा ट्रस्ट, श्रीमती कुसुम देवी अग्रवाल, श्रीमती बद्री नारायण रतनी देवी, श्रीमती जयश्री सेठ, **कोटा :** श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता, श्री भीमसेन साहनी, श्री प्रवीण माथुर, **लुधियाना :** श्री विनोद कुमार वधवा, **मुम्बई :** श्रीमती जानकी एस. शर्मा, श्रीमती शांत तारा चन्द, श्री प्रदीप जी संचेती, श्री श्याम सुन्दर मोदी, श्री नवनीत कुमार, श्रीमती कौशल्या अग्रवाल, श्रीमती विमला रावल, डॉ. देवी एल. भटिया, श्री प्रशांत पावस्कर, जैन ओर्नामेन्ट्स, श्रीमती परमवती अग्रवाल, श्रीमती सुशीला गजानन्द गुप्ता, मैसर्स दीप ज्वेलर्स, श्रीमती लक्ष्मी राम चन्दन, श्रीमती तुलसी देवी भूतड़ा, श्री नारायण एच. परिहार, श्री रमेश चन्द्र मित्तल, **नागपुर :** श्रीमती राम राखी देवी दलाल, **नासिक :** अग्रवाल सखी मंच, श्रीमती चित्रा गोडवोले, मैसर्स एक्सप्रोमोट ( इण्डिया ) प्राइवेट लिमिटेड, **पंचचील (यू.पी.) :** मो. अक्तर पुत्र मो. सलिल, **पानीपत :** श्री जगन्नाथ बंसल, श्री राजीव कुमार एवम् श्रीमती नीलम, श्री दीपेश शर्मा, श्री महावीर प्रसाद जिन्दल, **रत्नागिरी :** श्री जगदगुरु रामानन्दाचार्य, मैसर्स फार्मा प्राइवेट लिमिटेड, श्री प्रेम मोदनी, श्री जेठमल गोपाल दास बजाज सेवा निधि।

### आयकर में छूट

तारा संस्थान को दिया गया दान आयकर अधिनिषम 1961 की धारा 80G ( 50% ) व 35AC ( 100% ) के अन्तर्गत आयकर में छूट योग्य मान्य है।

# दानदाताओं के प्रति आभार

**दान-दाताओं से सादर अनुरोध है कि दान-सहयोग के साथ अपना फोटोग्राफ भी 'तारांशु' में प्रकाशनार्थ प्रेषित करने की कृपा करें।**



श्री एवं श्रीमती सुन्दरदर्शन अम्बर
रोहिणी, दिल्ली

श्री ओमप्रकाश श्रीमती विजयलक्ष्मी मल्होत्रा
जोधपुर

श्री एवं श्रीमती श्याम सुन्दर चौहान
जोधपुर

श्री एवं श्रीमती मोहन लाल मीणा
जोधपुर



श्री धर्मप्रकाश श्रीमती सुशील कुमारी अग्रवाल
कानपुर

श्री एस.आर. श्रीमती तारावती त्रिवेदी
जोधपुर

श्री मदन लाल श्रीमती कुसुम लता गुप्ता
दिल्ली

श्री भंवर लाल श्रीमती कृष्णा मछर
जोधपुर



श्री एवं श्रीमती ए.पी. सिंघल
जोधपुर

श्री उदय चन्द्र श्रीमती कौशल्या बारूपाल
जोधपुर

श्री पी.के. श्रीमती रंजना श्रीवास्तव
कानपुर

श्री मनोहर श्रीमती उषादेवी
जोधपुर



श्री विनोद कुमार अग्रवाल
सकती ( छ.ग. )

श्रीमती तुलसी देवी
नाथुराम सोलंकी, जोधपुर

श्री सुरेश कुमार शाह
कोलकाता

श्री सुरेश गर्ग
कोटा

स्व. श्रीमती शांति देवी अग्रवाल
रायगढ़

श्री सम्पत लाल
दिल्ली

श्री रूप नारायण अग्रवाल
जयपुर




श्री नानाग्राम चौधरी
जोधपुर

श्री मूलचन्द्र अग्रवाल
दिल्ली

श्री मितेश वर्मा
मुम्बई

श्री लक्ष्मीकान्त ठक्कर
जोधपुर

श्री एल.के. रुंगता
हावडा, पश्चिम बंगाल

श्रीमती जयश्री सेठ
हावड़ा, पश्चिम बंगाल

श्रीमती जमनादेवी
प्रजापत, कोटा



श्री हरिदास मेहता
कोटा

श्री गिरधरी लाल जांगिड़
जोधपुर

स्व. श्रीमती शकुन्तला देवी
नई दिल्ली

श्री दर्पण संचेती
जोधुपर

श्री धर्मेन्द्र ललित कुमार
जोधपुर

श्री विनीत मुरार्का
कानपुर

श्री अजितेश श्रीवास्तव
कानपुर



श्री अशीष, दिल्ली

श्रीमती पमेला रानी रेलन, दिल्ली

श्रीमती स्वरन कांता, दिल्ली

श्री चागो धन गायरे
थावला

श्रीमती कुन्दा गायरे
थावला

श्री सुशीन पुरी
जलान्धर

# तारा संस्थान के निःशुल्क मानवीय सेवा - प्रकल्प

## मोतियाबिन्द चिकित्सा - ऑपरेशन

| | |
|---|---|
| अब तक आयोजित शिविर | 20 |
| अब तक सम्पन्न ऑपरेशन | 639 |
| अब तक तारा नेत्रालय में सम्पन्न ऑपरेशन | 61 |
| अब तक रोगियों को वितरित चश्मे | 256 |







## निराश्रय बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता

लाभान्वित बुजुर्ग बन्धु - 220








## निराश्रय विधवा महिला सहायता

लाभान्वित विधवा महिलाएँ - 34







'तारांशु' ( हिन्दी मासिक ) नवम्बर, 2011, स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादक कल्पना गोयल के लिए न्यू ट्रेक प्रेस, उदयपुर में मुद्रित

## तारा संस्थान के नि:शुल्क मानवीय सेवा प्रकल्प

### नेत्र चिकित्सा सेवा



मोतियाबिन्द ऑपरेशन

### तृप्ति योजना सेवा



निराश्रय बुजुर्गो को खाद्य सामग्री

### गौरी योजना सेवा



निराश्रय विधवाओं को नकद सहायता राशि

## आपसे प्रार्थित, अपेक्षित सहयोग -सौजन्य राशि

### नेत्र चिकित्सा सेवा ( मोतियाबिन्द ऑपरेशन )

01 ऑपरेशन - 3000 रु. 02 ऑपरेशन - 6000 रु. 05 ऑपरेशन - 15000 रु. 07 ऑपरेशन - 21000 रु.

### तृप्ति योजना सेवा ( प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता )

01 माह - 1500 रु. 03 माह - 4500 रु. 06 माह - 9000 रु. 01 वर्ष - 18000 रु.

### गौरी योजना सेवा ( प्रति विधवा महिला सहायता )

01 माह - 1000 रु. 03 माह - 3000 रु. 06 माह - 6000 रु. 01 वर्ष - 12000 रु.

मोतियाबिन्द जाँच - चयन शिविर सहयोग राशि, प्रति शिविर - 71000 रु.

चश्मा जाँच - चश्मा वितरण - दवाई सहयोग राशि, प्रतिशिविर - 21000 रु.

सहयोग राशि ( संचितनिधि में ) - आजीवन संरक्षक 21000 रु., आजीवन सदस्य 11000 रु.

आपके दान - सहयोग से लाभान्वित रोगियों के फोटो, नाम, पता आदि का विवरण आपको प्रेषित किया जायेगा।

### आयकर में छूट

तारा संस्थान को दिया गया दान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80G ( 50% ) व 35AC ( 100% ) के अन्तर्गत आयकर में छूट योग्य मान्य है।

### निवेदन

कृपया अपना दान - सहयोग नकद या 'तारा संस्थान, उदयपुर' के पक्ष में देय चैक/ड्राफ्ट द्वारा संस्थान के पते पर प्रेषित करते का कष्ट करें,

**अथवा**

अपना दान सहयोग तारा संस्थान के निम्नांकित किसी बैंक खाते में जमा करवा कर 'पे-इन-स्लिप' अपने पते सहित संस्थान को प्रेषित करें ताकि दान - सहयोग प्राप्ति रसीद आपको तत्काल भेजी जा सके।

ICICI Bank A/c No. 004501021965 SBI A/c No. 31840870750 HDFC A/c No. 12731450000426

Tara ज्योतिर्मय जीवन

**तारा संस्थान**

236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी,
उदयपुर ( राज. ) 313002
मो. +91 9549399993, +91 9649399993
Email : tarasociety@gmail.com,
tara_sansthan@rediffmail.com
Website : www.tarasociety.org

बुक पोस्ट